# COMPETENCY FOCUSED PRACTICE QUESTIONS

Hindi | Grade 7

**2025**

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING, HARYANA
AND
EDUCATIONAL INITIATIVES

## Index


| | | |
|---|---|---|
| 1 | Director's Message | 3 |
| 2 | Foreword | 4 |
| 3 | Questions Bank | 5 |
| 4 | Marking Scheme | 29 |

## Director’s message



यहां दिसंबर 2024 में आयोजित आकलन निर्माण कार्यशालाओं के दौरान शिक्षकों और डाइट (DIET) संकाय सदस्यों द्वारा बनाए गए प्रश्न संकलित किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम और मूल्यांकन लक्ष्यों के अनुरूप कक्षा-उपयोगी, दक्षता-आधारित प्रश्न तैयार करना है।

मैं इस संसाधन को संभव बनाने वाले सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि यह पूरे राज्य के शिक्षकों के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित होगा।

**Sh. Samwartak Singh, HCS**
Director, SCERT Haryana

## Foreword

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला इस क्षमता में निहित है कि हम उन पहलुओं का मूल्यांकन कर सकें जो वास्तव में महत्वपूर्ण हैं — जैसे कि विद्यार्थियों की वैचारिक समझ और वास्तविक जीवन के संदर्भों में ज्ञान के अनुप्रयोग की क्षमता। इसी उद्देश्य के अनुरूप, हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), *Educational Initiatives (Ei)* के सहयोग से, यह सुविचारित *आइटम बैंक* प्रस्तुत करते हुए गर्व की अनुभूति कर रही है, जिसका उद्देश्य अधिक सारगर्भित, निदानात्मक (diagnostic) एवं अधिगम-उन्मुख (learning-oriented) मूल्यांकन को प्रोत्साहित करना है।

यह *आइटम बैंक* कक्षा-स्तरीय मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसमें रटंत शैली से आगे बढ़ते हुए ऐसे प्रश्न शामिल किए गए हैं जो विद्यार्थियों की अवधारणात्मक गहराई को उजागर करते हैं। ये प्रश्न वैज्ञानिक शैक्षणिक प्रक्रियाओं के माध्यम से विकसित किए गए हैं, तथा राज्य के अधिगम प्रतिफलों (learning outcomes) और पाठ्यक्रम की प्रमुख अवधारणाओं के साथ पूर्णतः संरेखित (aligned) हैं।

यह संसाधन शिक्षकों, प्रश्नपत्र निर्माताओं एवं शैक्षणिक योजनाकारों के लिए एक व्यवहारिक उपकरण के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा, जो उच्च गुणवत्ता वाले मूल्यांकन निर्माण को सक्षम बनाएगा। यह मूल्यांकन न केवल प्रतिबिंबन (reflection) और प्रतिपुष्टि (feedback) को बढ़ावा देगा, बल्कि अधिगम में निरंतर सुधार को भी संभव बनाएगा। इसके माध्यम से राज्य एक अधिक सशक्त, सुसंगत और अधिगम-समर्थ मूल्यांकन प्रणाली की दिशा में अग्रसर हो सकेगा — जो शिक्षण को निर्देशित करे, पुनःशिक्षण (remediation) में सहायता प्रदान करे और शैक्षिक प्रणाली में समग्र सुधार सुनिश्चित करे।

हम इस *आइटम बैंक* के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विषय विशेषज्ञों, SCERT की समर्पित टीमों और Ei के मूल्यांकन विशेषज्ञों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह *आइटम बैंक* हरियाणा की मूल्यांकन-आधारित अधिगम सुधार यात्रा में एक प्रभावी और स्थायी साधन सिद्ध होगा।

## Grade 7 Hindi Competency Mapping

| Competency Number | Competency Description | Competency linked Question |
|---|---|---|
| HIN 707 | विद्यार्थी कक्षा ९ के स्तर की विभिन्न विधाओं जैसे- कहानी, कविता, दोहा, निबन्ध, एकांकी, संस्मरण, जीवनी से सम्बन्धित पाठों को उपयुक्त उतार-चढ़ाव एवं सही प्रवाह के साथ पढ़ सकते हैं। | Q1, Q2, Q3, Q4, Q5 |
| HIN 708 | विद्यार्थी कक्षा ९ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। | Q7, Q8, Q9, Q10, Q11, Q14, Q15, Q17, Q18, Q23, Q24, Q25, Q26, Q27, Q29, Q30, Q31, Q32, Q33, Q36, Q37, Q38, Q39 |
| HIN 710 | विद्यार्थी अपने /दूसरों के द्वारा अभिव्यक्त अनुभवों/घटनाओं का विश्लेषण करते हुए लिख सकते हैं। | Q 55 |
| HIN 714 | विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, विशेष्य, क्रिया, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, के भेदों तथा कारक, उपसर्ग, प्रत्यय संधि, समास के अर्थों को संदर्भ में समझकर उसका वाक्य/पाठ में प्रयोग कर सकते हैं। | Q 50 |
| HIN 715 | विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दां, वाक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। | Q6, Q12, Q16, Q19, Q20, Q21, Q22, Q28, Q35, Q40, Q41, Q42, Q43, Q44, Q46, Q47, Q48, Q51, Q52, Q53, Q54 |
| HIN 716 | विद्यार्थी कठिन मुहावरों/लोकोक्तियों, विराम चिन्हों को संदर्भ में समझकर इनका प्रयोग कर सकते हैं। | Q13, Q34, Q45, Q49 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

नीचे दी गई कविता को ध्यान से पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**मुझको नींद बहुत है आती सुबह-सुबह**

मुझको नींद बहुत है आती सुबह-सुबह।
मेरी नींद नहीं खुल पाती सुबह-सुबह।

**(1)**
मम्मी टेर लगातीं उठने-उठने की,
पापा की बातों में धमकी पिटने की।
दोनों कहते जल्दी शाला जाना है,
नल चालू है उठकर शीघ्र नहाना है।
पर मुझको तो नींद सुहाती सुबह-सुबह,
मेरी नींद नहीं खुल पाती सुबह-सुबह।

**(2)**
मम्मी तो उठ जातीं **मुँह अँधियारे*** में,
पापा टहलें सुबह-सुबह गलियारे में।
मेरे हाथ हिलाते सिर को सहलाते,
दादा-दादी 'उठो-उठो' यह चिल्लाते।
आलस आता नींद सताती सुबह-सुबह,
मेरी नींद नहीं खुल पाती सुबह-सुबह।

**(3)**
दादा-दादी मुझको यह समझाते हैं,
अच्छे लोग सुबह जल्दी उठ जाते हैं।
बड़े सवेरे मुरगा बाँग लगाता है,
रोज़ नियम से सूर्य उदय हो जाता है।
यही बात चिड़िया चिल्लाती सुबह-सुबह,
मेरी नींद नहीं खुल पाती सुबह-सुबह।

**(4)**
अब मुझको लगता है कुछ करना होगा,
किसी तरह भी सुबह-सुबह उठना होगा।
रात देर तक नहीं आज से जागूँगा,
टेलीविज़न देखना अब मैं त्यागूँगा।
बात समझ में पर न आती सुबह-सुबह,
मेरी नींद नहीं खुल पाती सुबह-सुबह।

**शब्दार्थ:**
***मुँह अंधेरा:** तड़के, बिलकुल सुबह-सुबह

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 1 | कविता के अनुसार, इनमें से बालक की सबसे बड़ी परेशानी क्या है?<br>(A) सुबह-सुबह स्कूल जाने की<br>(B) सुबह-सुबह न उठ पाने की<br>(C) सुबह ठंडे पानी से नहाने की<br>(D) सुबह उठकर कसरत न कर पाने की<br><br>**(HIN707: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर की विभिन्न विधाओं जैसे- कहानी, कविता, दोहा, निबन्ध, एकांकी, संस्मरण, जीवनी से सम्बन्धित पाठों को उपयुक्त उतार-चढाव एवं सही प्रवाह के साथ पढ़ सकते हैं।)** | 1 |
| 2 | बालक को सुबह उठाते समय, इनमें से कौन <u>सबसे अधिक</u> नाराज़ हो जाता है?<br>(A) दादा<br>(B) दादी<br>(C) मम्मी<br>(D) पापा<br><br>**(HIN707: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर की विभिन्न विधाओं जैसे - कहानी, कविता, दोहा, छंद, निबंध, संस्मरण, जीवनी से संबंधित पाठों को उपयुक्त उत्तर-चढ़ाव एवं सही प्रवाह के साथ पढ़ सकते हैं।)** | 1 |
| 3 | बालक को सुबह उठाने के लिए इनमें से क्या किया जाता है?<br>(A) उसके हाथों को हिलाया और सिर पर हाथ फेरा जाता है<br>(B) उसे बिस्तर से उठाकर खड़ा कर दिया जाता है<br>(C) उसे चिड़ियों की आवाज़ें सुनाई जाती हैं<br>(D) उसके मुँह पर पानी डाला जाता है<br><br>**(HIN707: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर की विभिन्न विधाओं जैसे - कहानी, कविता, दोहा, छंद, निबंध, संस्मरण, जीवनी से संबंधित पाठों को उपयुक्त उत्तर-चढ़ाव एवं सही प्रवाह के साथ पढ़ सकते हैं।)** | 1 |
| 4 | 'लेकिन लाख सोचकर सोने पर भी मैं अगली सुबह फिर नहीं उठ पाता हूँ' - यह भाव कविता की किस पंक्ति में आ रहा है?<br><br>कविता की पंक्तियों को ध्यान से पढ़कर उत्तर चुनें।<br>(A) मेरी नींद नहीं खुल पाती सुबह-सुबह<br>(B) आलस आता नींद सताती सुबह-सुबह<br>(C) बात समझ में पर न आती सुबह-सुबह<br>(D) पर मुझको तो नींद सुहाती सुबह-सुबह | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **(HIN707: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर की विभिन्न विधाओं जैसे - कहानी, कविता, दोहा, छंद, निबंध, संस्मरण, जीवनी से संबंधित पाठों को उपयुक्त उत्तर-चढ़ाव एवं सही प्रवाह के साथ पढ़ सकते हैं।)** | |
| 5 | कविता के आधार पर बताएँ कि इनमें से कौन-सी बात सही है?<br>(A) बालक सुबह-सुबह चिड़ियों की आवाज़ सुनकर बहुत चिढ़ जाता है।<br>(B) बालक सुबह जल्दी उठने के लिए अपने दादा-दादी से मदद लेता है।<br>(C) बालक घर के बड़ों से प्रेरणा लेकर ही सुबह जल्दी उठने की सोचता है।<br>(D) बालक सुबह जल्दी उठने के लिए रात को टेलीविज़न देखना छोड़ देता है। | 1 |
| | **(HIN707: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर की विभिन्न विधाओं जैसे - कहानी, कविता, दोहा, छंद, निबंध, संस्मरण, जीवनी से संबंधित पाठों को उपयुक्त उत्तर-चढ़ाव एवं सही प्रवाह के साथ पढ़ सकते हैं।)** | |
| 6 | कविता में आए, इनमें से किस शब्द का अर्थ 'अच्छा/सुखद लगना' है?<br>(A) बाँग लगाना<br>(B) टेर लगाना<br>(C) सहलाना<br>(D) सुहाना | 1 |
| | **(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, तत्सम शब्द, तद्भव शब्द, पुस्तकालय शब्द, लोकोक्तियों को वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | |

नीचे दी गई कहानी को ध्यान से पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

<u>सतरंगी तोता</u>

एक बार कृष्णदेव राय के दरबार में पुलारी गाँव का एक युवक- बेगा पिल्लई, एक सतरंगी तोता लेकर आया। उसने कहा, "मैं आपके लिए इस तोते को पकड़ने के लिए महीनों जंगलों में भटका हूँ।" राजा ने तोते की खूब <u>सराहना</u> करते हुए कहा, "सचमुच, मैंने ऐसा <u>अद्भुत</u> तोता पहले कभी नहीं देखा!" प्रसन्न होकर उन्होंने दस हज़ार स्वर्ण मुद्राएँ उसे भेंट करने का <u>आदेश</u> दिया।

बेगा ने कहा, "महाराज, अगर इस प्रजाति के कुछ और तोते मिले, तो मैं वे भी आपके लिए लेकर आऊँगा।" वह राजा से पुरस्कार लेकर जाने लगा, तभी तेनालीराम ने कहा, "महाराज, इन अद्भुत तोतों की <u>प्रशंसा</u> के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। पर मेरा एक छोटा-सा अनुरोध है। मैं चाहता हूँ कि कुछ समय तक बेगा शाही अतिथिगृह में ही रहें। मैं इनसे बातें करके तोते पर एक ग्रन्थ लिखना चाहता हूँ।" राजा ने अतिथिगृह में बेगा को ठहराने का <u>हुक्म</u> दे दिया।

अगले दिन तेनाली दरबार में आया, तो उसके सेवकों के हाथों में बीस पिंजरे थे। देखकर राजा और सभी दरबारी हैरान हो गए। राजा ने पूछा, "अरे, ये बीस सतरंगी तोते कहाँ से आए?" इस पर तेनाली ने उत्तर दिया, "उसी जंगल से महाराज, जहाँ से बेगा का सतरंगी तोता आया था। मैं अपने

ग्रन्थ के लिए कुछ और तोतों की खोज में था, तभी ये मिल गए। हालाँकि, मुझे तो ये सारे बीस तोते मात्र दस हज़ार स्वर्ण मुद्राओं में ही मिल गए।"

- "अरे, यह तो सचमुच कमाल हो गया! तेनाली, तुम शाही खज़ाने से दस हज़ार स्वर्ण मुद्राएँ और ले लो। ऐसे ही बीस तोते और आ जाएँ तो आनंद आ जाए। हम विजयनगर के स्थापना दिवस पर आने वाले मेहमानों को इन्हें भेंट करेंगे।"

तेनाली बोला, "तोते तो जितने आप बोलें, उतने मिल जाएँगे। पर पुरस्कार का अधिकारी तो यह कलाकार विजयंत है, जो दिन में कई ऐसे सुंदर तोतों को जन्म देता है।" सबको सुनकर आश्चर्य हुआ।

तभी तेनालीराम ने विजयंत को दरबार में बुलवाया, तो उसने बताया कि कैसे बेगा पिल्लई के कहने पर उसने हरे तोते को रंगकर सतरंगी बना दिया था। उसके पास कूची और रंग भी थे। वह बोला, "आप कहें तो मैं यहीं अपनी कला का प्रदर्शन करूँ। बस एक साधारण तोता मुझे मँगवा दीजिए।"

पूरी बात समझने के बाद, राजा को विजयंत से मिलकर प्रसन्नता तो हुई, लेकिन बेगा पिल्लई पर बहुत क्रोध भी आया। जब बेगा को अतिथिगृह से बुलवाया गया, तो विजयंत को दरबार में देख उसके पैरों तले ज़मीन खिसक गई।

राजा ने उस धोखेबाज़ से धन वापस लेकर उसे राज्य से निकाल दिया। बेगा ने अपने किए पर माफ़ी मांगी और फिर कभी बेईमानी न करने का वचन दिया।

राजा ने तेनालीराम के सुझाव पर उसी दिन राजधानी में एक अनोखा पक्षी विहार बनवाने की घोषणा की, जिसमें विजयनगर के एक-से-एक सुंदर पक्षियों को बसाने की योजना थी।

| | | |
|---|---|---|
| 7 | बेगा पिल्लई, राजा के दरबार में तोता क्यों लेकर आया था?<br>(A) तोते को दिखाकर, राजा से वैसे ही और तोते मँगवाने के लिए<br>(B) तोते से राजा और दरबारियों का भविष्य सुनवाने के लिए<br>(C) तोते की विशिष्टता के बदले, राजा से इनाम लेने के लिए<br>(D) तोते को दरबार में किसी और को बेच देने के लिए | 1 |
| | **(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |
| 8 | बेगा पिल्लई द्वारा लाए गए तोते को देख, तेनालीराम ने अपने मन में क्या सोचा होगा? सबसे उचित उत्तर चुनें।<br>(A) अरे वाह, यह तोता तो सचमुच बहुत ही सुंदर है!<br>(B) सतरंगी तोता, लगता है यहाँ दाल में कुछ काला है!<br>(C) आख़िर ऐसा अजीब-सा तोता कहाँ से उठा कर ले आया!<br>(D) अरे वाह, मुझे तो मालूम ही नहीं था कि तोते सतरंगी भी होते हैं! | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |
| 9 | राजा कृष्णदेव राय, चालीस सतरंगी तोतों का क्या करने वाले थे?<br>(A) अपने राज-उद्यान में रखवाने वाले थे।<br>(B) विजयनगर के पक्षी विहार में रखवाने वाले थे।<br>(C) विजयनगर स्थापना समारोह में मेहमानों को देने वाले थे।<br>(D) एक संग्रहालय में, अन्य जानवरों के साथ रखवाने वाले थे। | 1 |
| | **(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |
| 10 | "हालाँकि, मुझे तो ये सारे बीस तोते मात्र दस हज़ार स्वर्ण मुद्राओं में ही मिल गए।" – इस वाक्य द्वारा तेनाली दरअसल क्या कहना चाहता था?<br>(A) कि वह मोलभाव करने में बेगा से बेहतर है।<br>(B) कि बेगा ने अपना तोता दुकान से खरीदा है।<br>(C) कि बेगा पिल्लई सभी को बेवकूफ़ बना रहा है।<br>(D) कि उसने तोतों को ढूँढ़ने में अधिक मेहनत की है। | 1 |
| | **(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |
| 11 | विजयंत, पुरस्कार का असली हक़दार इसलिए था, क्योंकि उसी ने उन तोतों को ------------------------------------।<br>(A) जंगल से पकड़ा था<br>(B) अपने पास पाला था<br>(C) तेनालीराम को बेचा था<br>(D) रंगकर अद्‌भुत बनाया था | 1 |
| | **(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |
| 12 | कहानी में आए **<u>समान अर्थ वाले</u>** कुछ शब्दों के जोड़े दिए गए हैं। इनमें से **<u>ग़लत जोड़ा</u>** चुनें।<br>(A) हुक्म – आदेश<br>(B) सुझाव – योजना<br>(C) अद्‌भुत – अनोखा<br>(D) प्रशंसा – सराहना | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, तत्सम शब्द, तद्भव शब्द, पुस्तकालय शब्द, लोकोक्तियों को वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | |
| 13 | '...विजयंत को दरबार में देख उसके पैरों तले ज़मीन खिसक गई'।<br><br>विकल्पों में से इसी अर्थ का कोई अन्य मुहावरा चुनें, जिसे रेखांकित भाग की जगह प्रयोग किया जा सके।<br>(A) बेगा के चेहरे पर हवाइयाँ उड़ गईं<br>(B) बेगा के होश ठिकाने आ गए<br>(C) बेगा भीगी बिल्ली बन गया<br>(D) बेगा लाल-पीला हो गया | 1 |
| | **(HIN716: दक्षता : विद्यार्थी कठिन मुहावरों/लोकोक्तियों, विराम चिह्नों को संदर्भ में समझकर इनका प्रयोग कर सकते हैं।)**<br><br>नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।<br><br>**सुमित्रानंदन पंत**<br><br>उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा ज़िले के कौसानी गाँव की खूबसूरत वादियों में पैदा हुए, जाने-माने कवि सुमित्रानंदन पंत के दिलो-दिमाग में प्रकृति के प्रति कमाल का प्रेम भाव था। इसकी झलक उनकी कविताओं में भी देखने को मिलती है। सुमित्रानंदन पंत का जन्म 20 मई, 1900 को हुआ था।<br><br>उनका बचपन बहुत दुखदायी रहा, जन्म के छः घंटे बाद ही उनकी माँ का निधन हो गया। बचपन में उनका लालन-पालन दादी ने किया। सुमित्रानंदन पंत जब चौथी कक्षा में पढ़ रहे थे, तभी से वे कविता करने लगे थे। एकांत की वजह से प्रकृति से उनका लगाव बढ़ता गया। प्रकृति में ही उन्हें मातृत्व का भाव नज़र आता था।<br><br>उनकी **प्रारंभिक शिक्षा*** अल्मोड़ा में हुई थी। 1918 में वे अपने मँझले भाई के साथ काशी (Varanasi) आ गए और क्वींस कॉलेज में पढ़ने लगे। वहाँ से **माध्यमिक*** परीक्षा उत्तीर्ण कर वे इलाहाबाद चले गए। यहाँ म्योर कॉलेज में उन्होंने **इंटर*** में प्रवेश लिया।<br><br>इलाहाबाद में पढ़ाई के दौरान, सुमित्रानंदन पंत स्वतंत्रता आंदोलन से भी जुड़े। 1921 में असहयोग आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के भारतीयों से अंग्रेज़ी विद्यालयों, महाविद्यालयों, न्यायालयों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों का त्याग करने के **आह्वान*** पर उन्होंने महाविद्यालय छोड़ दिया और घर पर ही हिंदी, संस्कृत, बंगला और अंग्रेज़ी भाषा-साहित्य का अध्ययन करने लगे। उन्होंने इलाहाबाद आकाशवाणी (radio broadcasting) के शुरूआती दिनों में कुछ समय तक सलाहकार (advisor) के रूप में भी कार्य किया।<br><br>वर्ष 1907 से 1918 की समयावधि को इनके कवि जीवन का प्रथम चरण माना जाता है। इस समय की कविताएँ उनकी रचना 'वीणा' में संकलित हैं। सुमित्रानंदन पंत की अन्य रचनाओं में ग्रंथि, गुंजन, युगांत, स्वर्णकिरण, पल्लव, स्वर्णधूलि, कला और बूढ़ा चाँद आदि प्रमुख हैं। इन्हें पद्मभूषण, ज्ञानपीठ और साहित्य अकादमी जैसे सभी बड़े पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उनके | |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | जीवनकाल में उनकी 28 पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जिनमें कविताएँ, पद्य-नाटक और निबंध शामिल हैं।<br><br>उन्हें आगे चलकर मधुमेह (diabetes) की बीमारी हो गई थी। 77 वर्ष की उम्र में, इलाहाबाद में ही 25 दिसंबर, 1977 को उनका देहांत हो गया।<br><br>सुमित्रानंदन पंत ऐसे साहित्यकारों में गिने जाते हैं, जिनका प्रकृति चित्रण उनके समय के कवियों में सबसे बेहतरीन था। इनके द्वारा प्रकृति के सौंदर्य विवरण से प्रेरित होकर प्रतिवर्ष हज़ारों पर्यटक इनके गाँव आते रहते हैं।<br><br>**<u>शब्दार्थ</u>:**<br>***प्रारंभिक शिक्षा:** कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई<br>***माध्यमिक शिक्षा:** कक्षा 6 से 10 तक की पढ़ाई<br>***इंटर (इंटर्मीडियेट)**: ग्यारहवीं-बारहवीं की पढ़ाई<br>***आह्वान:** पुकार, बुलावा | |
| 14 | सुमित्रानंदन पंत की कविताओं में अधिकांशतः ---------------------------------------।<br>(A) सामाजिक मामलों पर टिप्पणी की गई है<br>(B) देशभक्ति की भावना उजागर की गई है<br>(C) मातृप्रेम को अधिक प्रकट किया गया है<br>(D) प्रकृति को बहुत महत्त्व दिया गया है<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 15 | कवि पंत ने, ---------------------------------- कविताएँ लिखनी शुरू की थीं।<br>(A) प्राथमिक कक्षाओं से<br>(B) माध्यमिक कक्षाओं से<br>(C) अपनी माँ के निधन के बाद से<br>(D) स्वतंत्रता आंदोलनों से जुड़ने के बाद से<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 16 | '...अन्य सरकारी कार्यालयों का <u>त्याग</u> करने के आह्वान पर...' - गद्यांश में आए इस वाक्य में, रेखांकित शब्द के लिए दूसरे उचित शब्द की सही वर्तनी चुनें।<br>(A) बहिश्कार<br>(B) बहिष्कार<br>(C) बहिस्कार<br>(D) बहिशकार<br><br>**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**<u>सब चलता है...! पर चलाता कौन है?</u>**

कोलकता से लगभग 25 किलोमीटर दूर एक छोटा-सा शहर है- श्रीरामपुर, जहाँ मेरी मौसी रहती हैं। मैं जब आठ-नौ बरस का था, तब हर चार-पाँच महीनों में माँ के साथ वहाँ जाया करता था। रेल से वहाँ पहुँचने में 40-45 मिनट लगते थे, उतने ही अब भी लगते हैं।

मेरे लिए यह सफर इतना रोमांचक, सुखद और आश्चर्यों से भरा होता कि आज दो दशक बाद भी उस ख़ुशी, रोमांच को मैं महसूस कर पाता हूँ। मैं रेल में खिड़की के पास बैठता और दौड़ती खाली पटरियों को देखता। दौड़ते-दौड़ते कभी वो पास आकर झटके से मिल जातीं, तो कभी दूर होते-होते दो की चार पटरियाँ बन जातीं। मुझे यह सब जादू-सा लगता था।

अब बड़े होने के बाद, रेल वैसा जादू तो नहीं जगाती, पर हैरान तो कर ही जाती है। रात में सफर करते समय अक्सर मेरी नींद टूट जाती है। आसपास के लोगों को मैं गहरी, <u>सुकून</u> भरी नींद में सोए देखकर ख़ुश होता हूँ। कभी-कभी उन्हें देख मैं अपने बचपन में चला जाता हूँ और सोचता हूँ कि अरे, जब सब लोग सो रहे हैं तो गाड़ी इतनी तेज़ कैसे चल रही है? फिर उस अनदेखे, <u>अनजाने</u> इंसान के बारे में सोचता हूँ, जो मेरी रेल के आगे लगे उस भयावह इंजन की सामने वाली सीट पर बैठा होगा। सोचता हूँ- क्या गज़ब इंसान है ये, इसे रात में सोने का मन नहीं करता! उस पल उसकी यह महानता इस दुनिया के परे की चीज़ लगती है।

एक दिन मैंने माँ से यह बात कही। वो बोलीं, "ये अनजाने, अनदेखे लोग जैसे ही इंजन चालू करते होंगे, सोचो उन पर कितनी बड़ी ज़िम्मेदारी आन पड़ती होगी, हज़ारों लोगों की जान उनके हाथों में होती है। यह काम उन्हें रोज़ करना पड़ता है और अपने ठिकाने पर पहुँचकर कोई उन्हें शुक्रिया भी नहीं कहता!" <u>माँ की बात मेरे भीतर घर कर गई</u>।

कई साल बाद, सन् 2013 में मैं दिवाली की छुट्टियाँ मनाने अपने घर कोलकता जा रहा था। हावड़ा स्टेशन पर उतरते ही अचानक मुझे कुछ याद आया और मैं बाहर जाने वाले रास्ते की बजाय प्लैटफॉर्म पर दूर तक चलता गया। जहाँ प्लैटफॉर्म ख़त्म हो रहा था, वहाँ गाड़ी का इंजन था। वो वहाँ नीली वर्दी में खड़े थे। उम्र कुछ 44-45 रही होगी, आँखों पर चश्मा था और साधारण नाक-नक्श। इतने साधारण कि भीड़ में दिख जाते, तो निगाहें शायद ही टिकतीं उन पर। लेकिन हज़ारों लोगों को हज़ारों किलोमीटर दूर अपनी मंज़िल तक सुरक्षित पहुँचाने का ज़िम्मा ये रोज़-रोज़ उठाते हैं, चुपचाप। मैं उनके पास गया और उन्हें शुक्रिया कहा। माँ की कही बात भी उन तक पहुँचाई। उनके हावभाव से साफ़ था कि वे शुक्रगुज़ारी के आदी न थे। पर मेरी बात सुनकर वे बहुत ख़ुश हुए।

17 लेखक को बचपन में, इनमें से जादू जैसा क्या लगता था? 1

(A) मिलतीं और अलग होतीं पटरियों को देखना

(B) 40-45 मिनट में मौसी के घर पहुँचना

(C) रात को रेल की तेज़ रफ़्तार देखना

(D) (ऊपर बताई गईं सारी बातें)

**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 18 | गद्यांश से पता लगता है कि लेखक ------------------------------------------।<br>(A) नई-नई जगहों पर घूमने जाता रहता है<br>(B) को अनजान लोगों के साथ रहना पसंद है<br>(C) को चलती ट्रेनों में गहरी नींद सोना पसंद है<br>(D) छोटी-छोटी बातों को भी काफ़ी महत्त्व देता है<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 19 | 'माँ की बात मेरे भीतर घर कर गई।' – गद्यांश में आए इस वाक्य का सही अर्थ चुनें।<br>(A) माँ की बात ने मुझे बहुत प्रसन्न किया।<br>(B) माँ की बात ने मुझे बहुत प्रोत्साहन दिया।<br>(C) माँ की बात ने मुझ पर गहरा असर किया।<br>(D) माँ की बात ने मुझे बहुत चिंतित कर दिया।<br><br>**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 20 | 'आसपास के लोगों को मैं गहरी, <u>सुकून</u> भरी नींद में सोए देखकर ख़ुश होता हूँ।' – यहाँ रेखांकित शब्द का <u>विलोम</u> चुनें।<br>(A) बेचैनी<br>(B) रोचक<br>(C) हताशा<br>(D) संतोषपूर्ण<br><br>**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 21 | 'फिर उस अनदेखे, <u>अनजाने</u> इंसान के बारे में सोचता हूँ' – यहाँ रेखांकित शब्द की जगह पर आने वाले अन्य शब्द की <u>सही वर्तनी</u> चुनें।<br>(A) अपरीचित<br>(B) अपरिचित<br>(C) अपरीचीत<br>(D) अपरिचीत<br><br>**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| 22 | प्रिया अपनी किताब में आए इन शब्दों के अर्थ **शब्दकोश** में खोजना चाहती है- | 1 |

**घनिष्ठ, कुटुंब, क्षमता, कीर्ति, कौम**

उसे ये अर्थ किस क्रम में मिलेंगे?

(A) कुटुंब, कीर्ति, कौम, घनिष्ठ, क्षमता
(B) कीर्ति, कुटुंब, कौम, घनिष्ठ, क्षमता
(C) क्षमता, कीर्ति, कुटुंब, कौम, घनिष्ठ
(D) कीर्ति, कुटुंब, कौम, क्षमता, घनिष्ठ

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)**

नीचे दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**<u>गायब हो रहे जानवर</u>**

पर्यावरण में हुए बदलावों से कई जीव-जंतु दुनिया से हमेशा के लिए ख़त्म हो गए। जानवरों के **विलुप्त*** होने का ख़तरा आज भी है। इनमें से कुछ तो ऐसे हैं, जो बहुत ही कम बचे हैं। आइए, इनके बारे में जानें:

**<u>गलापागोस जाइंट टॉर्टस (Galápagos Giant Tortoise)</u>**
गलापागोस जाइंट टॉर्टस (कछुआ) अब लगभग विलुप्त होने के **कगार*** पर है। 1960 में केवल 15 कछुए ही गलापागोस द्वीप, जो कि प्रशांत महासागर (Pacific Ocean) में हैं, पर जीवित बचे बताए गए थे। तब से वैज्ञानिक इन्हें बचाने का हर संभव प्रयास कर रहे थे। आज इनकी संख्या लगभग 19,000 तक तो पहुँची है, लेकिन अभी भी इन्हें 'रेड लिस्ट' (संकटग्रस्त प्राणियों की सूची) में ही रखा गया है।

**<u>गलापागोस पेंग्विन (Galápagos penguin)</u>**
इक्वाडोर गणतंत्र (Republic of Ecuador) के गलापागोस द्वीपों पर पाई जाने वाली गलापागोस पेंग्विन भी खतरे के साये में है। दुनियाभर में केवल 1800 गलापागोस पेंग्विन ही बची हैं। समुद्री पानी के गर्म होने से, जिन मछलियों को ये खाती हैं, उनकी कमी हो रही है। इसलिए इन पेंग्विन पर विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है। काला सिर और आँखों के पास सफ़ेद बॉर्डर होने के कारण ये काफ़ी खूबसूरत दिखती हैं। यह अकेली ऐसी पेंग्विन की प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा यानी इक्वेटर (equator) में रहती है। सामान्यतया, पेंग्विन प्रजातियाँ दक्षिणी गोलार्ध (Southern Hemisphere) में ही पाई जाती हैं।

**<u>लीमर (Lemur)</u>**
अमेरिका और अफ़्रीका में पाया जाने वाला, बंदरों से मिलता-जुलता लीमर, अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। लीमर की 101 प्रजातियों में से 90 फ़ीसदी विलुप्ति के कगार पर हैं। सबसे अधिक संकट ग्रेटर बैंबू लीमर प्रजाति पर है। पूरे विश्व में अब केवल 500 ग्रेटर बैंबू लीमर बचे हैं। अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में काफ़ी संख्या में लीमर हैं, जबकि मैडागास्कर (अफ़्रीका) तो लीमर के लिए विश्व प्रसिद्ध कहा जाता था, लेकिन आज इनकी संख्या केवल गिनतियों में बची है।

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

काले और सफ़ेद रंग के इस जंतु की पूँछ काफ़ी लंबी व धारीदार होती है और आँखें बड़ी होती हैं।

<u>**जाइंट पांडा (Giant Panda)**</u>
पांडा की प्रजाति में सबसे दुर्लभ माने जाने वाले जाइंट पांडा को वर्ल्ड कंज़र्वेशन यूनियन (World Conservation Union) ने रेड लिस्ट में रखा है। अभी दुनियाभर में केवल 1600 जाइंट पांडा ही बचे हैं, जिनमें से 300 चीन के चिड़ियाघर में संरक्षित करके रखे गए हैं। ये पांडा चीन के सिचुआन (Sichuan), सांक्षी (Shaanxi) और गांसु (Gansu) जैसे पहाड़ी इलाके में पाए जाते हैं। काले रंग के इस पांडा का चेहरा बिल्कुल सफ़ेद होता है। इस वजह से, यह दिखने में काफ़ी आकर्षक लगता है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई से इनके रहने योग्य जगह की कमी हो रही है, जिससे इनकी संख्या घटती जा रही है।

<u>**स्नो लेपर्ड (Snow Leapord)**</u>
इसे 'हिम तेंदुआ' भी कहा जाता है। यह बर्फ़ीले इलाकों में पाया जाता है। 1972 से ही इसे विलुप्त होने वाले प्राणियों की सूची में रखा गया है। मनुष्य, मध्य और दक्षिण एशिया के पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले इस जानवर की जान के दुश्मन बन गए हैं। दरअसल, स्नो लेपर्ड के रोएँ (fur) और शरीर के विभिन्न हिस्सों का इस्तेमाल एशिया में पारंपरिक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। इस वजह से इसका अवैध शिकार हो रहा है और इसे काफ़ी महंगी कीमतों में ग़लत तरीके से बेचा जा रहा है। सफ़ेद और स्लेटी रोओं के कारण खूबसूरत दिखने वाला यह तेंदुआ काफ़ी लंबी छलांग लगा सकता है, पर यह दहाड़ नहीं सकता। भारत में यह हिमालय की तराइयों में पाया जाता है। आईयूसीएन (International Union for Conservation of Nature and Natural Resources) ने भी इसकी घटती संख्या से चिंतित होकर इसे 'रेड लिस्ट' में डाल दिया है।

<u>**शब्दार्थ**</u>:
***विलुप्त:** नष्ट, समाप्त हुआ, extinct
***कगार:** नदी का ऊँचा किनारा, verge

| | | |
|---|---|---|
| 23 | जानकारी के आधार पर बताइए कि 'रेड लिस्ट' से हमें क्या पता चलता है?<br>(A) विलुप्त हो चुके जानवरों के बारे में जानकारी<br>(B) विलुप्त होते जानवरों को बचाने के सुझाव<br>(C) विलुप्त हो रहे जानवरों की संख्या<br>(D) विलुप्त हो रहे जानवरों के नाम<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 24 | इनमें से कौन-से दो जानवर एक ही जगह पर पाए जाते हैं?<br>(A) लीमर और जाइंट पांडा<br>(B) जाइंट पांडा और स्नो लेपर्ड<br>(C) लीमर और गलापागोस पेंग्विन<br>(D) जाइंट टॉर्टस और गलापागोस पेंग्विन<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 25 | इनमें से किस जानवर की संख्या, मनुष्यों ने अपना फ़ायदा निकालने के कारण कम कर दी है?<br>(A) हिम तेंदुए की<br>(B) जाइंट टॉर्टस की<br>(C) ग्रेटर बैंबू लीमर की<br>(D) गलापागोस पेंग्विन की<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 26 | जानकारी में दिए गए जानवरों को उनकी बची हुई संख्या के <u>बढ़ते क्रम</u> के अनुसार लगाया गया है। सही क्रम चुनें।<br>(A) जाइंट टॉर्टस, लीमर, जाइंट पांडा, गलापागोस पेंग्विन<br>(B) लीमर, जाइंट पांडा, गलापागोस पेंग्विन, जाइंट टॉर्टस<br>(C) जाइंट टॉर्टस, गलापागोस पेंग्विन, जाइंट पांडा, लीमर<br>(D) लीमर, जाइंट पांडा, जाइंट टॉर्टस, गलापागोस पेंग्विन<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 27 | दी गई जानकारी के अनुसार, इनमें से कौन-सी बात सही है?<br>(A) अधिकांश पेंग्विन प्रजातियाँ, दक्षिण गोलार्ध में ही पाई जाती हैं।<br>(B) सभी जाइंट पांडा प्रजातियाँ केवल चीन के चिड़ियाघर में ही पाई जाती हैं।<br>(C) हिम तेंदुआ, अन्य तेंदुओं की तरह लंबी छलांग और दहाड़ नहीं मार सकता।<br>(D) जाइंट कछुओं की संख्या में कमी, उनके भोजन में कमी होने के कारण आ रही है।<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 28 | "जो मेरी <u>आँखों के सामने</u> है, मैं केवल उसी पर विश्वास करूँगा," सुधीर ने कहा।<br><br>रेखांकित वाक्यांश के लिए सही शब्द चुनें।<br><br>(A) परोक्ष<br>(B) प्रत्यक्ष<br>(C) प्रतिकूल<br>(D) प्रमाणित<br><br>**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

नीचे दिए गद्यांश को प्रश्न संख्या के उत्तर देकर पूरा करें।

**<u>ज़रूरतमंदों की ही मदद करूँगा</u>**

मैं अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। तभी एक वृद्ध-सा दिखने वाला व्यक्ति दुकान पर आया और कहने लगा, "मैं बहुत गरीब हूँ, खाने के लिए रोटी और पहनने के लिए कपड़े नहीं हैं। कृपया कुछ मदद **(29)__________**।"

मैंने उसे एक, दस रुपए **(30) __________**। फिर मैंने देखा कि **(31) __________**अगली दुकान पर भी ऐसा ही किया।

शाम को जब मैं सब्ज़ियाँ खरीदने बाज़ार जा रहा था, तब रास्ते में पड़ने वाली एक शराब की दुकान पर मैंने देखा कि वही आदमी वहाँ शराब **(32) __________**।

**(33) __________**, मालूम पड़ा कि वह वृद्ध न तो लंगड़ा है, न ही उसकी कमर झुकी हुई है।

यह दृश्य देखकर मुझे बहुत आश्चर्य और दुख हुआ **(34) __________** मदद के साथ किस तरह खिलवाड़ करते हैं। मैंने निश्चय किया कि जो वास्तव में ज़रूरतमंद होगा, आज से मैं उसी की मदद करूँगा और ऐसे धोखेबाज़ लोगों से सावधान **(35) __________**।

29 रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनें। 1

(A) कर
(B) करें
(C) करा
(D) करूँ

**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

30 रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनें। 1

(A) के नोट दे दिए
(B) के नोट दे दिया
(C) का नोट दे दिए
(D) का नोट दे दिया

**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 31 | रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) उसने<br>(B) इसने<br>(C) इन्होंने<br>(D) उन्होंने<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 32 | रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) पीए है<br>(B) पीता रहा<br>(C) पी रहा है<br>(D) पीता रहा है<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 33 | रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) चूँकि<br>(B) लेकिन<br>(C) साथ ही<br>(D) फिर भी<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 34 | मैं कल फिल्म देखने जा रहा था, पर रास्ते में ट्रैफ़िक जाम देखकर, मैं घर वापस आ गया।<br><br>रेखांकित वाक्यांश के स्थान पर वाक्य में किस **मुहावरे** का प्रयोग किया जा सकता है?<br><br>(A) घुटने टेकने लगा<br>(B) आँखें फैलाने लगा<br>(C) उल्टे पाँव लौट आया<br>(D) नहले पर दहला मार आया<br><br>**(HIN716: दक्षता : विद्यार्थी कठिन मुहावरों/लोकोक्तियों, विराम चिह्नों को संदर्भ में समझकर इनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | |

| Serial No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| 35 | शिक्षिका ने कुमुद से कहा, “प्रधानाचार्य से ---------------- मिलने पर ही तुम प्रतियोगिता में भाग ले सकती हो।”<br>वाक्य को पूरा करने के लिए **<u>सही वर्तनी</u>** वाला शब्द चुनें।<br>(A) अनूमति<br>(B) अनुमती<br>(C) अनुमति<br>(D) अनूमती<br><br>**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )** | 1 |

नीचे दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न  के उत्तर दें।

**<u>कहानी बॉल पेन की</u>**

बॉल पॉइंट पेन हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका है। यदि विश्व में कुछ महान आविष्कारों की सूची बनाई जाए, तो बॉल पेन का नाम निश्चय ही उसमें शामिल किया जाएगा। सदियों पहले लोग लिखने के लिए ब्रश, **सरकंडे*** और पक्षियों के पंखों का इस्तेमाल किया करते थे।

इसके बाद 1884 में, अमेरिका के ल्यूइस वॉटरमैन (Lewis Waterman) ने ऐसे फ़ाउंटेन पेन का आविष्कार किया, जिसमें हवा का दबाव बनाकर स्याही भरी जा सके। 19वीं सदी के मध्य में, **धातु*** से बने पेन और निब की माँग बहुत बढ़ गई। लोग फ़ाउंटेन पेन से लिखने तो लगे, लेकिन यह कई कारणों से असफल साबित हुआ। इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसका इस्तेमाल ज़्यादा ऊँचाई पर करने से इसकी स्याही फैलने लगती थी। साथ ही, इसकी स्याही को कागज़ ठीक से नहीं सोख पाता था, जिससे कागज़ पर कई जगह स्याही के दाग-धब्बे लग जाते थे।

हंगरी के एक पत्रकार लाज़्लो बिरो (Laszlo Biro) को भी खबर लिखने के दौरान इन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ता था। एक बार उन्होंने गौर किया कि अख़बार को छापने के लिए जिस तरह की स्याही का इस्तेमाल किया जाता है, वह कागज़ पर अच्छी तरह छपती है और जल्दी सूख भी जाती है। उसी समय उन्होंने सोचा कि इस स्याही का इस्तेमाल सामान्य पेन में करने पर भी यह नहीं फैलेगी। इस तरह, उनके दिमाग में बॉल पेन बनाने का विचार आया और 1939 में ऐसा पेन बनाने में वे सफल भी रहे। इसी वजह से कई देशों में बॉल पेन को 'बिरो' के नाम से भी जाना जाता है। लाज़्लो से पहले भी कई लोगों ने बॉल पेन बनाने का प्रयास किया था, पर वे ऐसा पेन नहीं बना पाए थे, जिसमें से स्याही बिना रुके या बिना फैले निकल सके।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, ज़्यादातर देशों की वायु सेना बॉल पेन का इस्तेमाल कर रही थी। अब सैनिक कितनी भी ऊँचाई पर गुप्त सूचनाएँ लिख पाने में **सक्षम*** थे। इस दौरान इस पेन की माँग में काफ़ी तेज़ी से बढ़ोत्तरी हुई। इस पेन के आ जाने से बार-बार स्याही भरने की समस्या से भी निजात मिल गई। इसके रिफ़िल के अगले हिस्से में लगा छोटा-सा बॉल किसी भी दबाव और खुरदरी सतह पर लिखने में सक्षम होता है। इसीलिए अगली बार तुम जब भी बॉल पेन पकड़ो, तो उस छोटे-से बॉल को ज़रूर देखना, जो दिखने में तो छोटा है, मगर काम करता है बड़ा।

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **<u>शब्दार्थ</u>:**<br>***सरकंडा**: लंबी घास या पेड़-पौधों की पतली डंडी<br>***सक्षम**: समर्थ, लायक<br>***धातु:** metal (जैसे कि लोहा) | |
| 36 | 19वीं सदी के मध्य में, अधिकतर लोग किस चीज़ से लिख रहे थे?<br>(A) ब्रश से<br>(B) सरकंडे से<br>(C) बॉल पेन से<br>(D) फ़ाउंटेन पेन से<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 37 | लाज़्लो बिरो, किन विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए बॉल पेन बनाना चाहते थे?<br>(A) ऐसा पेन, जो जल्दी लिखे और जिसकी स्याही कभी न फैले<br>(B) ऐसा पेन, जिसमें स्याही का इस्तेमाल न हो और जो जल्दी चले<br>(C) ऐसा पेन, जो धातु का न हो और जिसकी स्याही जल्दी सूख जाए<br>(D) ऐसा पेन जिसकी स्याही जल्दी सूख जाए और कागज़ पर धब्बे न बनाए<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 38 | लाज़्लो बिरो के पेन से पहले जो बॉल बने थे, उनमें क्या कमी थी?<br>(A) वे रुक-रुक कर लिखते थे।<br>(B) वे खुरदरी सतह पर नहीं लिखते थे।<br>(C) उनमें बहुत अधिक स्याही का इस्तेमाल होता था।<br>(D) उन्हें युद्ध के समय काम में नहीं लिया जा सकता था।<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 39 | बॉल पेन के आने से लोगों को इनमें से किस परेशानी से छुटकारा मिल गया?<br>(A) निब बदलने की परेशानी से<br>(B) स्याही भरने की परेशानी से<br>(C) धीरे-धीरे लिखने की परेशानी से<br>(D) स्याही को सुखाने की परेशानी से<br><br>**(HIN708: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ७ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़ कर समझ सकते हैं और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

40 एक नाटक के पहले भाग के कुछ पात्रों के नाम नीचे दिए गए हैं: 1

**विक्रम, विशाख, वशिष्ठ, वरुण, विलियम**

यदि इन नामों को <u>वर्णमाला-क्रम</u> में लिखा जाए, तो सही क्रम क्या होगा?
(A) वरुण, वशिष्ठ, विलियम, विशाख, विक्रम
(B) वरुण, वशिष्ठ, विक्रम, विलियम, विशाख
(C) वशिष्ठ, वरुण, विशाख, विलियम, विक्रम
(D) वशिष्ठ, वरुण, विक्रम, विशाख, विलियम

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

41 अगले भाग में, उन नामों से तीन पात्र निकल गए और कुछ नए आ गए। इस भाग के पात्र थे: 1

**परीक्षित, वशिष्ठ, तारा, विलियम, जुगल**

यदि इन नामों को वर्णमाला-क्रम में रखा जाए, तो <u>तीसरे स्थान</u> पर किसका नाम आएगा?

(A) तारा
(B) जुगल
(C) परीक्षित
(D) विलियम

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

42 मुझे किसी का (i)------- खाने का कोई (ii)---------- नहीं है। 1

खाली जगहों के लिए सही शब्द चुनें।

(A) i- जूठा, ii- शौक
(B) i- जूठा, ii- शोक
(C) i- झूठा, ii- शोक
(D) i- झूठा, ii- शौक

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

| Serial No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |

नीचे दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न के उत्तर दें।

रवि को कुछ किताबें पुस्तकालय में **<u>वर्णमाला-क्रम</u>** से जमानी हैं। किताबों की सूची नीचे दी गई है।

**तेनाली राम, मुल्ला नसरुद्दीन, चतुर सियार, चमत्कारी कटोरा, बंदर और मगरमच्छ**




43 वर्णमाला-क्रम से **<u>चौथी</u>** किताब कौन-सी आएगी? 1

(A) बंदर और मगरमच्छ
(B) मुल्ला नसरुद्दीन
(C) चमत्कारी कटोरा
(D) तेनाली राम

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

44 यदि इस सूची से '**<u>चतुर सियार</u>**' को हटाकर, उसकी जगह '**<u>पंचतंत्र की कहानियाँ</u>**' किताब का नाम डाल दिया जाए, तो नए क्रम से **<u>दूसरी</u>** किताब कौन-सी होगी? 1
(A) पंचतंत्र की कहानियाँ
(B) मुल्ला नसरुद्दीन
(C) चमत्कारी कटोरा
(D) तेनाली राम

**(HIN715:दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

1

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

45 “उसने सिर हिलाकर जवाब दिया आज तो नहीं चाहिए कल आ सकते हो क्या” 1

ऊपर दिए गए वाक्य में **<u>विराम चिह्न</u>** लगाने का **<u>सही</u>** तरीका कौन-सा है?

(A) उसने सिर हिलाकर जवाब दिया, आज तो नहीं चाहिए। ”कल आ सकते हो क्या”?

(B) उसने सिर हिलाकर जवाब दिया। “आज तो नहीं चाहिए। कल आ सकते हो क्या?”

(C) उसने सिर हिलाकर जवाब दिया “आज तो नहीं चाहिए, कल आ सकते हो क्या”?

(D) उसने सिर हिलाकर जवाब दिया, “आज तो नहीं चाहिए, कल आ सकते हो क्या?”

**(HIN716:दक्षता : विद्यार्थी कठिन मुहावरों/लोकोक्तियों, विराम चिह्नों को संदर्भ में समझकर इनका प्रयोग कर सकते हैं।)**

1

46 राखी ने कहा, “मुझे झूठा __________ मत दीजिए। मैं जानती हूँ कि आप मुझे नया बल्ला नहीं दिलाने वाले हैं।”

वाक्य को पूरा करने के लिए उचित शब्द चुनें।

A. वादा

B. सहारा

C. अधिकार

D. आश्वासन

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )** 1

47 सुधीर ने अपनी संस्था में भाषण देने के लिए एक विशेषज्ञ को आमंत्रित किया।
नीचे सुधीर और एक व्यक्ति के बीच में हुआ वार्तालाप दिया गया है।

सुधीर: नमस्ते, क्या आप आज के भाषण के (1) __________हैं? आइए, हमें आपका ही इंतज़ार था।

व्यक्ति: नहीं श्रीमान! मैं तो (2) __________ हूँ। भाषण सुनने के लिए आया हूँ।

वार्तालाप को पूरा करने के लिए उचित शब्द चुनें।

A. 1- वक्ता, 2- श्रोता

B. 1- श्रोता, 2- वक्ता

C. 1- श्रोता, 2- नेता

D. 1- नेता, 2- श्रोता

1

| Serial No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

48 मुदित ने कहा, “बहती नदी की --------------- आवाज़ सुनकर मन को बहुत शांति मिलती है।”

वाक्य को पूरा करने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनें।

A. रिमझिम

B. टिपटिप

C. कल-कल 1

D. झर-झर

**(HIN715: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

49 **हाथ पैर फूलना**' एक मुहावरा है।

इनमें से किस वाक्य में इसका **सबसे उचित** प्रयोग किया गया है?

A. माँ की प्यार भरी बातें सुनकर मेरे हाथ पैर फूलने लगते हैं और मैं चुपचाप खड़ी रह जाती हूँ। 1

B. जब परीक्षा पास आने लगती है, तो मेरे हाथ पैर फूलने लगते हैं और कुछ याद नहीं रहता।

C. घर पर बैठकर हाथ पैर फुलाने से तो अच्छा कि तुम अपने दोस्तों के साथ घूमने जाओ।

D. दुकान पर बैठे-बैठे मेरे हाथ पैर फूल जाते हैं, इसलिए शाम को कसरत करने जाता हूँ।

**(HIN716: दक्षता : विद्यार्थी कठिन मुहावरों/लोकोक्तियों, विराम चिह्नों को संदर्भ में समझकर इनका प्रयोग कर सकते हैं।)**

50 इनमें से किस वाक्य में व्याकरण की गलती है?

A. वो दोनों उम्र में मेरे से बड़े हैं, इसलिए मैं उनका आदर करता हूँ। 2

B. इतना खर्चा करने के बाद भी नफ़ीसा का इलाज ठीक से नहीं हो पाया।

C. कड़ी मेहनत करने के बाद रोहन को शहर में अच्छी नौकरी मिल ही गई।

D. बंकिम रोज़ इसी रास्ते से बाज़ार जाता है, क्योंकि इस पर भीड़-भाड़ नहीं होती।

**(HIN714: दक्षता : विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, विशेष्य, क्रिया, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, के भेदों तथा कारक, उपसर्ग, प्रत्यय संधि, समास के अर्थ को संदर्भ में समझकर उसका वाक्य/पाठ में प्रयोग कर सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 51 | कोई चार विस्मयादिबोधक शब्द लिखिए। | 3 |

| Description | Marks |
|---|---|
| उफ़! / अरे! / हाय! / ओह! / बाप रे! / वाह! / छि-छि!<br><br>*किन्हीं 4 अव्ययों को लिखने पर 2 अंक दें।* | 2 |

Maximum Marks:2

**(HIN715:दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)**

| | | |
|---|---|---|
| 52 | निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए।<br>(क) बात - वात<br>(ख) भवन - भुवन<br>(ग) परिणाम - परिमाण | 3 |

| **Description** | **Marks** |
|---|---|
| (क) बातचीत - हवा<br>(ख) मकान - संसार<br>(ग) फल - मात्रा<br><br>*प्रत्येक सही अर्थ के लिए 0.5 अंक दे।* | 3 |

Maximum Marks:3

**(HIN715:दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

2

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

53 दिए गए शब्दों का सही प्रत्यय से मिलान करके नए शब्द बनाकर लिखिए।

| शब्द | प्रत्यय |
|---|---|
| (क) अपना | (i) ईला |
| (ख) मीठा | (ii) पन |
| (ग) हठ | (iii) आस |

Maximum Marks:3

**(HIN715:दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

3

54 मुख चन्द्रमा-सा सुन्दर है।

उपमा अलंकार के इस उदाहरण में उपमेय और उपमान लिखिए।

| Description | Marks |
|---|---|
| (1) उपमेय - मुख<br>(2) उपमान - चंद्रमा<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 2 |

Maximum Marks:2

**(HIN715:दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द, समानार्थी शब्दों, वांक्यांश के लिए एक शब्द, युग्म शब्द, पुनरुक्त शब्द, योजक का वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। )**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 55 | किसी खेल का आँखों देखा वर्णन लगभग 50-60 शब्दों में कीजिए। | |

| Description | Marks |
|---|---|
| विषयवस्तु<br><br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br><br>(2) मौलिकता (सृजनात्मकता के साथ प्रभावपूर्ण भाषा तथा लेखन-शैली का स्वाभाविक रूप से प्रयोग करना) [0.5]<br><br>(3) सीमित शब्दों में विषय के सभी पक्षों को संयोजित करना [0.5]<br><br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।<br>हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।<br>हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं। | 3 |
| प्रस्तुति<br><br>(1) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [0.25]<br><br>(2) भूमिका तथा निष्कर्ष का होना [0.25]<br><br>हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।<br>हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।<br>हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं। | |
| भाषाई शुद्धता<br><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.25]<br><br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.25]<br><br>पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।<br>आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।<br>शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं। | |

Maximum Marks:3

**(HIN710: दक्षता : विद्यार्थी अपने / दूसरों के द्वारा अभिव्यक्त अनुभवों/घटनाओं का विश्लेषण करते हुए लिख सकते हैं।)**

## Marking Scheme

| Q No. | Rubric | Marks |
|---|---|---|
| 1 | Correct Answer: B | 1 |
| 2 | Correct Answer: D | 1 |
| 3 | Correct Answer: A | 1 |
| 4 | Correct Answer: C | 1 |
| 5 | Correct Answer: C | 1 |
| 6 | Correct Answer: D | 1 |
| 7 | Correct Answer: C | 1 |
| 8 | Correct Answer: B | 1 |
| 9 | Correct Answer: C | 1 |
| 10 | Correct Answer: C | 1 |
| 11 | Correct Answer: D | 1 |
| 12 | Correct Answer: B | 1 |
| 13 | Correct Answer: A | 1 |
| 14 | Correct Answer: D | 1 |
| 15 | Correct Answer: A | 1 |
| 16 | Correct Answer: B | 1 |
| 17 | Correct Answer: A | 1 |
| 18 | Correct Answer: D | 1 |
| 19 | Correct Answer: C | 1 |
| 20 | Correct Answer: A | 1 |
| 21 | Correct Answer: B | 1 |
| 22 | Correct Answer: D | 1 |
| 23 | Correct Answer: D | 1 |
| 24 | Correct Answer: D | 1 |
| 25 | Correct Answer: A | 1 |
| 26 | Correct Answer: B | 1 |
| 27 | Correct Answer: A | 1 |
| 28 | Correct Answer: B | 1 |

| Q No. | Rubric | Marks |
|---|---|---|
| 29 | Correct Answer: B | 1 |
| 31 | Correct Answer: A | 1 |
| 32 | Correct Answer: C | 1 |
| 33 | Correct Answer: C | 1 |
| 34 | Correct Answer: C | 1 |
| 35 | Correct Answer: C | 1 |
| 36 | Correct Answer: D | 1 |
| 37 | Correct Answer: D | 1 |
| 38 | Correct Answer: A | 1 |
| 39 | Correct Answer: B | 1 |
| 40 | Correct Answer: B | 1 |
| 41 | Correct Answer: C | 1 |
| 42 | Correct Answer: A | 1 |
| 43 | Correct Answer: A | 1 |
| 44 | Correct Answer: D | 1 |
| 45 | Correct Answer: D | 1 |
| 46 | Correct Answer: A | 1 |
| 47 | Correct Answer: A | 1 |
| 48 | Correct Answer: C | 1 |
| 49 | Correct Answer: B | 1 |
| 50 | Correct Answer: A | 1 |

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING, HARYANA
AND
EDUCATIONAL INITIATIVES